BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 23 जुलाई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# दमरे महाप्रबंधक ने आठ कर्मियों को सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

## जीएम एससीआर अरुण कुमार जैन ने भारी बारिश के मद्देनजर की मानसून तैयारियों की समीक्षा

**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने सोमवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान कर्तव्य के प्रति सतर्कता और समर्पण दिखाने के लिए 8 कर्मचारियों को माह के कर्मचारी सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों ने भी समीक्षा बैठक में भाग लिया। सभी छह मंडलों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए।




प्रभागों से मैन ऑफ द मंथ पुरस्कार विजेताओं में सिकंदराबाद डिवीजन से एक, विजयवाड़ा डिवीजन से एक, गुंतकल डिवीजन से पांच और नांदेड़ डिवीजन से एक कर्मचारी शामिल हैं। महाप्रबंधक अरुण कुमार ने कर्तव्यों के पालन में उनकी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के लिए पुरस्कार विजेताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार अन्य कर्मचारियों को अधिक सतर्क रहने और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित करेंगे।अरुण कुमार जैन ने क्षेत्र में भारी बारिश के मद्देनजर बरती जाने वाली मानसून संबंधी सावधानियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को ट्रैक के साथ-साथ 24/7 मानसून गश्त को मजबूत करने और ट्रैक के पास पुलों, आरओबी/आरयूबी और जल निकायों पर अधिक ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने रेलवे पुलों पर जल प्रवाह के स्तर की निगरानी करने के भी निर्देश दिए और संवेदनशील स्थानों पर भूमि खिसकने पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को मानसून सीजन के मद्देनजर जोन में एक माह तक विशेष सुरक्षा अभियान चलाने के निर्देश दिए।

महाप्रबंधक ने ट्रेन परिचालन की सुरक्षा की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया और विशेष रूप से ट्रेन चलाने वाले कर्मचारियों को शॉर्ट कट तरीकों से बचने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को समय की पाबंदी में सुधार के लिए संभावित स्थानों पर गति प्रतिबंधों को कम करने का निर्देश दिया।दमरे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने यात्री सुविधाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने विभिन्न स्टेशनों पर उपलब्ध पानी की टंकियों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जहां भी आवश्यकता हो, पुरानी पानी की टंकियों को बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने जोन पर एफओबी की मरम्मत की प्रगति की भी समीक्षा की और एफओबी पर यात्रियों के प्रवाह को कम करने के लिए लक्ष्य समय के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने जोन में स्मोक डिटेक्टरों और अग्निशामक यंत्रों के स्टॉक की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को सभी अग्नि सुरक्षा उपकरणों के पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चालक दल के काम के घंटों पर भी चर्चा की और सभी मंडल रेल प्रबंधकों को चालक दल के सदस्यों को दिए जाने वाले उचित आराम पर सावधानीपूर्वक योजना बनाने का निर्देश दिया।




## जैन रत्न कस्तूरचंद झाबुक नहीं रहे



**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य, भारत विकास परिषद आदेश्वर शाखा के प्रथम स्वामी विवेकानंद स्मृति सम्मान गृहीता, मेडचल के 72 जिनालय के संस्थापक जैन रत्न कस्तूरचंद झाबुक नहीं रहे। गुरु पूर्णिमा के दिन प्रातः उनका निधन हो गया। सोमवार को एक सभा में शाखा के अध्यक्ष मानिकचंद समदरिया ने घोषणा की कि दिवंगत आत्मा के श्रद्धा सुमन स्वरूप अगले रविवार को प.पू. साध्वी सुल-ोचनाश्री महाराज साहब की प्रेरणा से विकलांग शिविर में विकलांग बंधुओं को आर्टिफिशियल लिंब्स प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मदनचंद लुणावत ,मंत्री दिलीप मखाना, कोषाध्यक्ष संतोष वेद, श्री राजस्थानी जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के अध्यक्ष योगेश गांधी, उपाध्यक्ष सुभाष गोलछा मंत्री आदि उपस्थित थे।

# सतीश अग्रवाल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

## आंध्र प्रदेश और तेलंगाना प्रांत के प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई

**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सतीश अग्रवाल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं आंध्रप्रदेश और तेलंगाना प्रांत के प्रभारी मनोनीत किए गए हैं। इस संबंध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री मुकुन्द मिश्रा ने सतीश अग्रवाल को एक पत्र जारी करते हुए सूचित किया है कि देश में उनके व्यापारिक एवं सामाजिक



कार्यों तथा सेवाओं को देखते हुए भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आम सहमति से नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में आपको बीयूवीएम के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रभारी, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना प्रांत के पद पर मनोनीत किया जाता है।

पत्र में दोनों राष्ट्रीय नेताओं ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि है कि आप अपने क्षेत्र एवं प्रदेश व देश के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु कार्यरत रहेंगे तथा व्यापारियों के हित में कार्य करते हुए प्रदेश, जनपद एवं नगर के व्यापारियों के हित में संघर्ष हेतु कटिबद्ध रहेंगे तथा सभी को साथ लेकर व्यापारियों के हित में अपनी सेवाएं प्रदान करते रहेंगे।



माली समाज युवा मण्डल, हैदराबाद-सिकन्दराबाद के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रृंग ऋषि भवन, फीलखाना में आयोजित विशाल भजन संध्या में भजन प्रस्तुत करते हुए राजस्थानी कलाकार मोनिका माली, हाजाराम देवासी एवं अंजली माली। अवसर पर पधारे गणमान्य अतिथियों विधायक टी. राजा सिंह, भाजपा संगठन मंत्री चन्द्रशेखर, अविनाश देवड़ा, लड्डू यादव का सम्मान करते हुए मण्डल के अध्यक्ष सुरेश माली एवं अन्य पदाधिकारीगण। अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित समाज बन्धु एवं महिलाएं।



भावसार विजन इंडिया हैदराबाद क्षेत्र-104 द्वारा आषाढ़ी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में जियागुडा स्थित श्री समर्थ कामधेनु गौशाला में मोहन राव देवतराज, प्रवीण पतंगे, घनश्याम पतंगे, डॉ. प्रशांत नीमकर, शीतल नीमकर, श्रीनिवास राव क्षीरसागर, राकेश कुमार गित्ते, राजेश्वर घनाते, शंकर आसुतकर, अश्विनी पतंगे, हेमारानी परंकर, लक्ष्मी गित्ते, अनिता पारेकर तुलसी बगाडे, सुलभा महेन्दरकर, अर्चना सुत्रावे, वंदना आसुतकर एवं अन्य पदाधिकारीगण व सदस्यों ने गोसेवा की।

# पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल का 131वां निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न



**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल द्वारा शिवभागासजी श्री नारायणजी बंसल सेवा ट्रस्ट व अग्रवाल समाज राणी सति दादी घांसी बाजार शाखा के सहयोग से 131वां निःशुल्क मेडिकल कैम्प चेलापुरा स्थित बालपन प्ले स्कूल में सम्पन्न हुआ ।

अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शिविर भगवान महावीर विकलांग समिति हैदराबाद, मेडिकवर अस्पताल बेगमपेट, एलसीएस डंडू आई इंस्टीट्यूट वेस्ट मारेडपल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में मेडिकवर अस्पताल के जनरल फिजिशियन ईसीजी-2डी इको-बीएमडी, आरबीएस, रक्तचाप की जांच की गई। शिविर में एलसीएस डूंडू नेत्र संस्थान वेस्ट मैरेडपल्ली के चिकित्सकों द्वारा नेत्रों की जांच के पश्चात 90 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे और 6 योग्य के लिए निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। अवसर पर के श्रीनिवासुलु, मैनेजर डी वेंकटेश्वर राव, हसन अली खान टेक्नीशियन ने सेवा प्रदान की। दंत की जांच ललिता डेंटल क्लीनिक के डॉ.संजय सूर्यवंशी ने की। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ.सी. एल.एन प्रसाद ने, आर्थोपेडिक की सेवा डॉ प्रशांत ने, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.राधिका एवं सहयोगी स्टाफ नरेंद्र नर्सिंग स्टाफ अखिला-संगीता रिजवानुल हक ने अपनी सेवा प्रदान की। शिविर में होम्योपैथी की सेवा डॉ शिखा केडिया ने और क्रिवि एक्यूपंक्चर की सेवा डॉ. कुमुद गुप्ता ने दी। अवसर पर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा1 विकलांग रोगियों के लिए सुविधा प्रदान की गई। शिविर में पित्ती ट्रस्ट के चेयरमैन एवं अग्रवाल सेवा दल के सलाहकार शरद ब.पित्ती, अग्रवाल सेवा दल एवं कैम्प के संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता,सुरेन्द्र गोयल, निखिल रानासरिया, उर्मिला अग्रवाल, स्थानीय सहयोगी शिवभागासजी नारायणजी बंसल सेवा ट्रस्ट के शारदा देवी अग्रवाल, हरि प्रसाद अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, राम किशन अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल, मिनेश अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, स्थानीय पार्टनर रानी सती दादी घांसी बाजार महिला शाखा की अध्यक्ष - रिंकू गर्ग, उपाध्यक्ष हेमा अग्रवाल, सचिव मोनिका अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-सविता अग्रवाल ,सुशीला केडिया, कविता गोयल, अनमोल अग्रवाल, कनक गर्ग, स्वयंसेवक सुनयना नरसरिया, बबीता गर्ग, अजय तुलस्यान, राधेश्याम बियानी, मनोज सिंह, अग्र महिला मंच, दीपा गर्ग, अंजू गोयल, समाज सेवी, गोपाल सिंह, शंकर लाल यादव, घनश्याम यादव, शेख फरीद, अमरनाथ अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, पित्ती लेमिनेशन के सदस्य ने अपनी सेवाएं प्रदान कर शिविर को भव्य रूप से संपन्न हुआ।

# तेरापंथ स्थापना दिवस पर तेयुप हैदराबाद द्वारा मंत्र दीक्षा एवं वीतराग पथ कार्यशाला आयोजित




**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेयुप हैदराबाद के द्वारा मंत्र दीक्षा एवं वीतराग कार्यशाला का आयोजन शासन श्री साध्वी शिवमाला आदि ठाणा के सान्निध्य में संपन्न हुआ । राजेंद्र बोथरा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत भिक्षु प्रज्ञा मंडली द्वारा मंगलाचरण से हुई। अपने स्वागत वक्तव्य में तेयुप हैदराबाद के अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मंत्र दीक्षा कार्यक्रम बच्चो में अध्यात्म भाव को पुष्ट करता है एवं उनमें संघीय संस्कारों का सृजन करता है । साध्वीश्री अमितरेखा जी ने प्रेरणा देते हुए सभी बच्चों को धर्म की राह पर चलते हुए अपने संस्कारों को मजबूत करने पर जोर दिया । शासन श्री साध्वी शिवमाला जी ने सभी बच्चों को मंत्र दीक्षा दिलाई। साध्वी अर्हम प्रभा एवं साध्वी रत्नप्रभा ने अपने उद्बोधन से बच्चो में नई प्रेरणा का संचार किया । मुख्य अतिथि एवम जैन सेवा संघ के उपाध्यक्ष सुभाष पिरोदिया ने सभी बच्चों को आध्यात्मिक मंगलकामनाएं दी। चेन्नई से पधारे विशिष्ट अतिथि एवम मंत्र दीक्षा के राष्ट्रीय सह प्रभारी संतोष सेठिया ने बताया कि मंत्र दीक्षा का आयोजन देश भर में हो रहा है एवम ज्ञानशाला के माध्यम से बच्चे इस में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद ने भी तेरापंथ स्थापना दिवस एवं ज्ञानशाला संपर्क पखवाड़ा सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में उत्तर कर्नाटक सभा के अध्यक्ष राजेंद्र जीरावाला की विशेष उपस्थिति रही। सभा द्वारा राजेन्द्र जीरावला का सम्मान पूर्व अध्यक्ष बाबुलाल बैद मंत्री हेमंत संचेती आदि गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया । सभा के परामर्शक व महासभा के कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मीपत बैद ने उनका स्वागत करते हुए सभी संस्थाओं की ओर से तेयुप को कार्यक्रम के लिए बधाई दी । कार्यक्रम का संचालन अरुण भंडारी एवम रवि प्रकाश कोटेचा ने किया ।



पूर्ण सेवा संस्थान के शिष्यवृन्द द्वारा माहेश्वरी भवन, बेगम बाजार में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अन्तर्गत तंत्रवारिधि, मनोरोगतज्ञ पूज्य आचार्य श्रीकांतजी महाराज मपियूषफका आशीर्वाद प्राप्त करने जर्मनी से पधारे अक्षत भारद्वाज व उर्वशी भारद्वाज, दिल्ली से अरुण पाठक दम्पत्ति एवं शिष्यवृन्द ।




राष्ट्रीय स्तर के पहलवान रूपलाल बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एन.आर. लक्ष्मण राव की मौजूदगी में औपचारिक रूप से शामिल हो गए। अवसर पर महासचिव ठाकुर विकास सिंह, उपाध्यक्ष येरम श्रीनिवास, प्रवीण यादव, करण सूर्यवंशी, नरेश और अन्य सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें सम्मान और आदर के रूप में एक सुंदर गुलदस्ता और एक पारंपरिक शॉल भेंट किया। कार्यक्रम में दीपक, नरेश, चिन्ना, अभिषेक, वीरू और गुरु उपस्थित थे। श्री राव ने कहा कि रूपलाल का पार्टी में शामिल होना हमारे मिशन और प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। हम साथ मिलकर, उत्कृष्टता की ओर एक रास्ता बनाते रहेंगे।

खबरें जो सोच बदल दें
शुभ लाभ

# श्री गौतम आश्रम गुर्जर गौड़ ब्राह्मण ट्रस्ट अत्तापुर में धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री गौतम आश्रम गुर्जर गौड ब्राह्मण ट्रस्ट राम बाग अत्तापुर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम आचार्य पंडित काशीराम शर्मा एवं उनके सानिध्य में पंडित जी द्वारा परंपरा गत महर्षि गौतम जी की वैदिक संस्कृति से सामूहिक पूजा अर्चना की गई। भारी वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या मे समाजिक बंधुओ ने गुरु पूर्णिमा समारोह में सपरिवार उपस्थित हुए एवं महर्षि गौतम जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।


पूजा-अर्चना के पश्चात मंच कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, इसमें सर्वप्रथम श्री महर्षि गौतम आश्रम गुर्जर गौड ब्राह्मण ट्रस्ट के संरक्षक जय प्रकाश जोशी को मंचासीन करवाया गया एवं उनका स्वागत माला-शाल साफे एवं मोमेंटों के साथ बाबूलाल जोशी ने किया। ट्रस्ट के चेयरमेन संजय पंचारिया को मंचासीन कर उनका स्वागत माला,साफा, शाल, मोमेंटो से रामलाल जोशी द्वारा किया गया। मैनेजिंग ट्रस्टी धर्मेंद्र जोशी का माला, साफा, शाल द्वारा स्वागत राजेश सीवाल द्वारा किया गया। चांद रतन उपाध्याय का माला, साफा, शाल, मोमेंटो द्वारा स्वागत पवन जोशी ने किया। महर्षि गौतम गायत्री ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी जितेंद्र लाल का स्वागत सत्य नारायण रोहीवाल द्वारा साफा माला, शाल मोमेंटो द्वारा संपन्न हुआ। स्थानीय सभा अध्यक्ष श्रवण कुमार व्यास का स्वागत पंडित काशीराम शर्मा द्वारा माला, साफा, शाल मोमेंटो द्वारा किया गया। शिव कुमार चौबे प्रधान मंत्री स्थानीय सभा का स्वागत जुगल किशोर उपाध्याय द्वारा माला, शाल, साफा मोमेंटो द्वारा किया गया। महिला मण्डल की अध्यक्षा मंजू पंचारिया का स्वागत अर्चना पंचारिया द्वारा माला, शाल मोमेंटो द्वारा किया गया। नव युवक मण्डल अध्यक्ष यतिराज जोशी का स्वागत भगवान दास जोशी द्वारा माला, साल, साफा मोमेंटो द्वारा किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम सहयोगियों का स्वागत राजेन्द्र तिवारी, गिरिराज व शिफाली शर्मा, राजगोपाल वीना जोशी, अनंत प्रकाश मंजू सींवाल, विजय कुमार शांता जोशी, नरेश चंद्र नंदिता दुबे, गोपाल सावत्री शर्मा (शास्त्री), अरविंद (गुरु स्वामी) सुषमा उपाध्याय, केदार सुशीला देवी बन्देला, राजेश कुमार मधुमती जोशी, प्रह्लाद उषा सींवाल, ललित मंजू शर्मा, जितेंद्र राजश्री जोशी, तरुण कुमार उमा उपाध्याय, नवरत्न लालीदेवी शर्मा, जुगल किशोर सरोज तिवारी,शिव कुमार प्रीति तिवारी, वेणुगोपाल वीणा चौबे, नवीन प्रिया जोशी, गणेश दुर्गा (कांगला) जोशी, रामलाल पुष्पा जोशी, प.कांशीराम शीतल शर्मा, सत्यनारायण शोभा रोहिवाल, जुगल किशोर किरण उपाध्याय, पवन रेशमी जोशी, सुरेशचंद्र पदमा दुबे, जयप्रकाश शोभा जोशी, संजय कुमार अर्चना पंचारिया, धर्मेन्द्र ज्योति जोशी, चंद्रतं मन्नुराधा जोशी, श्रवण कुमार ज्योति व्यास आदि सभी सहयोगियों का स्वागत शाल-माला-साफा एवं श्री महर्षि गौतमजी की फ़ोटो देकर किया गया।

कार्यक्रम में ओम प्रकाश जोशी, किशनजी पंचारिया, बाबूलाल जोशी, विनोद त्रिवर्दी, नर्सिंग उपाध्याय, पवन उपाध्याय, श्रीकांत जोशी, चंद्रकांत जोशी, कौशल रोहिवाल, लक्ष्मीनारायण जोशी, आनंद पंचारिया, आशीष पंचारिया, शेलेन्द्र तिवारी, संतोष तिवारी, सोमनाथ रोहिवाल, राजेश व्यास, पंकज सींवाल, पुष्पक उपाध्याय, आनंद व्यास, बृजगोपाल तिवारी, पुरषोत्तम शास्त्री, सुशील सींवाल, मनीष शास्त्री, नितेश पंचारिया, देव उपाध्याय, आकाश जोशी, आशीष जोशी, संजीव जोशी, दिनेश जोशी, अखि जोशी, श्रेय पंचारिया, अशोक व्यास, किशन शास्त्री, आनंद जोशी, गोकुल उपाध्याय, निर्मला चौबे, गायत्री पंचारिया, प्रियंका सींवाल, ललिता उपाध्याय, श्रद्धा जोशी, गंगा शास्त्री, अंशुयआ जोशी, ममता सींवाल, ललीता उपाध्याय, शोभा जोशी, चंद्रकला जोशी, प्रियंका दुबे, प्रीति जोशी, कोमल जोशी, भगवती उपाध्याय, प्रेमा जोशी, रानी पंचारिया, अलका व्यास, पूजा व्यास, रीना जोशी, वंदना सींवाल, पूजा सींवाल, वंदना शर्मा, चंचल उपाध्याय, सुनीता सींवाल, उषा तिवारी, विजया जोशी, शोभा जोशी, ज्योति जोशी, प्रतीक्षा जोशी, चंदा उपाध्याय, नंदिनी शर्मा, रूखमणी जोशी, राधिका व्यास, दीपाली शर्मा, दीपा तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं सहयोगियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन ट्रस्ट के चेयरमैन संजय कुमार पंचारिया ने धन्यवाद देकर किया।

# रेवंत रेड्डी ने जल शक्ति मंत्री से परियोजनाओं के विकास के लिए मांगा सहयोग

**हैदराबाद/ नई दिल्ली, 22 जुलाई (एजेंसियां)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत ए रेड्डी ने सोमवार को नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल से मुलाकात की और तेलंगाना सरकार द्वारा शुरू की गई परियोजना मूसी रिवर फ्रंट के विकास के लिए सहयोग मांगा।मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि हैदराबाद से सारा सीवेज मूसी नदी में बहता है और राज्य सरकार ने इसे साफ करने का फैसला किया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से मूसी नदी के प्रदूषित पानी के



उपचार के लिए 4,000 करोड़ रुपये और गोदावरी नदी के पानी को उस्मान सागर और हिमायत सागर में पहुंचाने के लिए 6,000 करोड़ रुपये आवंटित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि उस्मान सागर और हिमायत सागर को गोदावरी के पानी से भरने से हैदराबाद की जल समस्या हल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में जल जीवन मिशन की शुरुआत के बावजूद तेलंगाना को इस योजना के तहत धन नहीं मिला है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि तेलंगाना में 7.85 लाख घरों में पानी के कनेक्शन नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 7.85 लाख घरों के साथ-साथ पीएमएवाई (शहरी) और (ग्रामीण) योजनाओं के तहत बने घरों में पानी के कनेक्शन देने के लिए 16,100 करोड़ रुपये की ज़रूरत होगी। उन्होंने आग्रह किया कि इस साल से तेलंगाना को जल जीवन मिशन के लिए धन आवंटित किया जाए।

### नायडू ने राजग के विधायकों, एमएलसी को दी हिदायत

# सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं ने जरा सा भी अपराध करने की कोशिश की तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**विजयवाड़ा, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी विधायकों और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) को एक रोडमैप दिया और कहा कि अपराध करने की कोशिश की, तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।विधानमंडल के संयुक्त सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद श्री नायडू ने विधायकों और एमएलसी के साथ बैठक की। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और सभी मंत्री शामिल हुए। बैठक में श्री नायडू ने मुख्य रूप से विधानसभा और विधान परिषद में विभिन्न वर्गों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा, उसके बाद आए नतीजों, राजग सरकार द्वारा लिए गए फैसलों, दोनों सदनों के सदस्यों की कार्यशैली और उनकी जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित किया।मुख्यमंत्री ने राज्य में शून्य अपराध दर पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी के नेता जरा सा भी अपराध करने की कोशिश करेंगे तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा, मैं 55 दिनों तक जेल में रहा और आप कल्पना कर सकते हैं कि मैंने क्या-क्या सहा। फिर भी किसी भी तरह का बदला लेने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हमें कानून के प्रावधानों के अनुसार किसी को भी दंडित करना चाहिए, लेकिन कोई राजनीतिक प्रतिशोध नहीं होना चाहिए और तीनों गठबंधन सहयोगियों के नेताओं को इस बारे में बहुत स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि सत्ता में आने के बाद इस एक महीने में कुछ कल्याणकारी योजनाएं पहले ही शुरू की जा चुकी हैं, इसलिए उन्होंने विधायकों और एमएलसी से इन मुद्दों पर लोगों को समझाने और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जनता को बताने की जरूरत है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वाईएसआरसीपी की पूर्ववर्ती सरकार के अकुशल शासन के कारण सड़कों की हालत बहुत खराब है और सड़कों की तत्काल मरम्मत करने की आवश्यकता है, जिस पर लगभग 250 करोड़ रुपये से 300 करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं।

# तेलंगाना में अगले 24 घंटे में भारी बारिश के आसार

**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के आदिलाबाद, कुमरमभीम आसिफाबाद, मंचेरियल, जयशंकर भूपलपल्ली, मुलुगु, भद्राद्रि कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने के आसार हैं।मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से सोमवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। यहां जारी दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया कि इस दौरान राज्य के सभी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने और 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मंगलवार को तेलंगाना के आदिलाबाद, कुमरमभीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जगतियाल, राजन्ना सिरसिल्ला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्रि कोठागुडेम, खम्मम, हनमकोंडा, जनगांव, सिद्दीपेट, यदाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, हैदराबाद, मेडचल मल्काजगिरी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक और कामारेड्डी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने और 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाएं चलने की संभावना है।राज्य के आदिलाबाद, कोमारामभीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जगितल, राजन्ना सिरसिल्ला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम जिलों में बुधवार को भी यही स्थिति बने रहने का अनुमान है। अगले सात दिनों के दौरान तेलंगाना में कई स्थानों पर या कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम मानसून तेलंगाना में सक्रिय रहा है।पिछले 24 घंटों के दौरान तेलंगाना के मुलुगु में कई स्थानों और भद्राद्रि कोठागुडेम, हनुमाकोंडा, कामारेड्डी और करीमनगर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हुई। मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी अवधि के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर बारिश हुई।

# नए आपराधिक कानूनों पर अपना रुख स्पष्ट करे तेलंगाना सरकार : केटीआर

**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव (केटीआर) ने राज्य सरकार और सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी से नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर अपनी स्थिति सार्वजनिक रूप से घोषित करने का आह्वान किया है।

श्री रामाराव ने एक खुले पत्र में मौलिक नागरिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के लिए नए कानूनों की आलोचना की एवं चिंता व्यक्त की कि ये पुलिस राज्य की स्थापना का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और कर्नाटक के मुख्यमंत्रियों ने पहले ही इन कानूनों का विरोध किया है और इस बात पर जोर दिया है कि तेलंगाना सरकार को नागरिक अधिकारों के चैंपियन के रूप में राज्य की ऐतिहासिक प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए।

उन्होंने सरकार से तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया एवं नए कानूनों के निरंकुश वर्गों में संशोधन की मांग करते हुए केंद्र सरकार को एक पत्र भेजने के लिए कहा। उन्होंने आगामी विधानसभा सत्र में एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने का भी आह्वान किया। केटीआर ने चेतावनी दी कि



ऐसा न करने पर राज्य सरकार को तानाशाह और जनविरोधी माना जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (आईईए) को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) में नए आपराधिक कानून में बदल दिया गया है। यह नए कानून एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो गए हैं। आलोचकों का तर्क है कि इन कानूनों में कई प्रावधान बुनियादी नागरिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन करते हैं एवं पुलिस और सरकार को असंगत रूप से लाभ पहुंचाते हैं और वैध विरोधों को दबाते हैं।

आलोचकों द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दों में सरकारी कार्रवाइयों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोधों का अपराधीकरण, पुलिस हिरासत को 15 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन करना, अदालत की अनुमति के बिना पुलिस को संपत्ति जब्त करने का अधिकार, संगठित अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए जांच एजेंसियों को दिए गए विवेकाधीन अधिकार, साइबर अपराध, हैकिंग और गोपनीयता से संबंधित कानूनों में अस्पष्ट प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने इन नए कानूनों पर व्यापक चर्चा की आवश्यकता पर बल दिया और तेलंगाना सरकार और स्थानीय कांग्रेस पार्टी पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव डाला। केटीआर ने मांग की कि लोकतांत्रिक शासन का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी को राज्य स्तर पर इन खतरनाक कानूनों का विरोध करके और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करके अपना वादा पूरा करना चाहिए।

# भाग्यनगर गोशाला में लायन्स क्लब ने किया चारा वितरित

**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

लायन्स क्लब ऑफ़ हैदराबाद समर्पण के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में लोअर टैंक बंड स्थित भाग्यनगर गौशाला में पशु आहार, रोटी, सब्जियां, गुड़ आदि वितरित किया गया। कार्यक्रम में तेलंगाना गोशाला फेडरेशन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल उपस्थित थे। अवसर पर श्री अग्रवाल ने उपस्थित लायन्स क्लब के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए बताया की तेलंगाना गोशाला फेडरेशन द्वारा अनोखी इको फ्रेंडली राखी बनाई जा रही है। इन राखियों को गोबर से तैयार किया जा रहा है। इतना ही नहीं इस स्वदेशी राखी की काफी डिमांड भी हो रही है। इस इको




राखी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह राखी गोबर से बनी हुई है और इसमें फल एवं सब्जियों के बीज भी मिलाये गए हैं जिससे कि इसके टूटने के बाद इसे घर पर ही खाद या गमलों में मिला सकते हैं। यह पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त है। उन्होंने कहा कि गोमय राखी पहन कर हम परोक्ष रूप से गोमाता की रक्षा कर सकते हैं। एक तरह से यह स्वदेशी के रूप में काम में लिया जा सकता है।

बैठक को संस्था के जोनल चेयरमैन महेन्दर गुप्ता, प्रताप नारायण संघी आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती निर्मला संघी, उपाध्यक्ष दीपक साध, प्रेमचंद मुणोत, श्री प्रवीण गुप्ता,राजेंदर खेतान, विनीता खेतान, सारिका गुप्ता, नीता गुप्ता, वंदना साध आदि उपस्थित थे। लायंस क्लब ऑफ़ हैदराबाद समर्पण की कार्यकारिणी द्वारा प्रति माह गोशाला को निःशुल्क चारा प्रदान करने वाले निर्णय के तहत आज लोअर टैंक बंड स्थित भाग्यनगर गौशाला में सूखे चारा का वितरण किया गया। लायंस क्लब ऑफ़ हैदराबाद समर्पण द्वारा लिए गए इस निर्णय का तेलंगाना गोशाला फेडरेशन ने स्वागत किया। लायन्स क्लब द्वारा विगत एक वर्ष से गोशालाओं में चारे का वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर तेलंगाना गोशाला फेडरेशन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल को उनके जन्मदिन पर सन्मानित किया गया।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार, दि. 22 जुलाई 2024 को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से उंदावल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

# ब्रह्मर्षि सेवा समाज हैदराबाद की कार्यकारिणी बैठक और पूर्णिमा की पूजा सम्पन्न



**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

ब्रह्मर्षि सेवा समाज हैदराबाद के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक परशुराम मंदिर जगतग़ीरिगुट्टा में सम्पन्न हुई। साथ ही प्रत्येक माह पूर्णिमा के दिन आयोजित होने वाले सत्यनारायण भगवान की पूजा एवं कथा वाचन भी आयोजन किया गया।

समाज के महासचिव सुनील सिंह द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समाज के अध्यक्ष मानवेंद्र मिश्र के निर्देशानुसार उक्त बैठक बुलाई गई। बैठक में परशुराम मंदिर के सौंदर्यीकरण की समीक्षा, मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा और आगामी अष्टयाम कार्यक्रम के आयोजन हेतु विचार विमर्श करना था।

महासचिव एवं अध्यक्ष के अतिरिक्त समाज के सहसचिव पंकज कुमार सीए, महिला अध्यक्ष श्रीमती उषा शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मोहन सिंह, अमर सिंह, मुकेश कुमार, श्रतिरूपति राय, पूर्व अध्यक्ष गोविंद जी राय, आर एस शर्मा, इंद्रदेव सिंह, श्रीमती सुधा राय, डॉ आशा मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, श्रीमती प्रियंका सिंह, श्रीमती पूजा मिश्रा, राजेश मिश्रा, निश्चला राय आदि बैठक में सम्मिलित हुए। सभी सदस्यों ने सर्वप्रथम

बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रतिवर्ष आयोजित होनेवाले अखंड रामायण और 24 घंटे अनवरत रामधुन (अष्टयाम) कार्यक्रम अपने पूर्व नियोजित दिन 15 और 16 अगस्त को समाज के अपने परशुराम मंदिर में संपन्न होगा। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस विषय पर अपनी राय और सुझाव समाज के समझ रखा। प्रत्येक पूर्णमासी के दिन आयोजित होनेवाले सत्यनारायण भगवान की पूजा परशुराम मंदिर में की गई एवं कथा कही गई। इस माह की पूजा के यजमान पंकज कुमार एवं राजेश मिश्रा थे अतः इनके साथ प्रियंका सिंह एवं सपत्नीक सुरेंद्र मिश्रा पूजा में बैठकर पूजा संपन्न की। उपस्थित सभी सदस्यों ने पूजा में भाग लिया। प्रसाद ग्रहण एवं सुरुचि भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



अग्र महिला मंच द्वारा रामदास मठ इसामिया बाजार में विद्यार्थियों में पाठ्यपुस्तक, बैग और बिस्किट वितरित किए गए। सभी बच्चे प्रत्येक शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष दीपा गर्ग, मंत्राणी अंजु गोयल, परामर्शदाता मधु गोयल, वंदना अग्रवाल, सपना कनोडिया, लायंस क्लब से सुनीता बंसल का सहयोग रहा।



रामानन्द आश्रम संतोषी माता मन्दिर मुस्लिमजंग पुल में आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव में भाग लेते हुए लड्डू यादव, सुनील कुमार पाण्डेय, गजानंद चौधरी, शंकरलाल यादव, सीतराम यादंव, सुरेश अन्ना, अभिषेक, हर्ष व अन्य।

# सिद्ध संपूर्ण सहित हनुमान चालीसा पाठ 4 अगस्त को

**हैदराबाद, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्रावण मास की उपलक्ष मेंसंकट मोचन दक्षिण मुखी वीर हनुमान भक्त मंडल द्वारा हिमायत सागर कोतवालगुड़ा, आनंद कन्वेंशन के समीप स्थित श्री संकट मोचन दक्षिण मुखी वीर हनुमान मंदिर में सिद्ध संपूर्ण सहित हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन आगामी रविवार, दि. 4 अगस्त, 2024 को को किया जा रहा है।

मंदिर के पुजारी पंडित लाल जी शुक्ला एवं विनीत शुक्ला महाराज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या धाम से चातुर्मास हेतु पधारे हुए श्रीश्री 108 श्री स्वामी गोपालाचारी के सान्निध्य में उक्त आयोजन संपन्न होगा । यह पाठ प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। श्री संकट मोचन दक्षिण मुखी वीर हनुमान भक्त मंडल एवं श्री जगन्नाथ स्वामी भागवत परिवार हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भाग्य नगर के सभी धर्म प्रेमियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया गया है । मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष पांच बार श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ हर 3 महीने में तथा प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को रात्रि 8 से 12.00 बजे तक हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ तथा हवन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें श्रद्धालु भक्तगण उत्सव पूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाते हैं।

# पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में ब्रांड एपी को सबसे बड़ा नुकसान हुआ : नजीर

**विजयवाड़ा, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने खेद जताते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में 2019-24 के दौरान ब्रांड एपी को सबसे बड़ा नुकसान हुआ है।

श्री नजीर ने सोमवार को अमरावती में शुरु हुए राज्य विधानसभा बजट सत्र में विधानसभा और विधान परिषद को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य उच्च विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए तैयार था लेकिन 2019 में सत्ता परिवर्तन ने फिर से नवजात आंध्र प्रदेश के लिए परेशान करने वाले समय को वापस ला दिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान लोकतंत्र खतरे में था, लोग डर की स्थिति में थे और उन्हें जीने की कोई स्वतंत्रता नहीं थी। उन्होंने कहा कि शासन-बदला की राजनीति ने राज्य की समृद्धि और विकास की संभावनाओं को गंभीर रूप से बाधित किया था। राज्यपाल ने कहा पिछली सरकार के दौरान ब्रांड एपी को सबसे बड़ा नुकसान हुआ था।

उन्होंने दुख जताते हुए कहा राज्य में निवेश करने के लिए कोई भी उल्लेखनीय कंपनी आगे नहीं आई। सभी स्तरों पर भ्रष्ट आचरण के साथ-साथ राजस्व अर्जित करने वाले विभागों में शासन के साधनों का व्यक्तिगत लाभ के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया। नियंत्रण और संतुलन को नुकसान पहुंचाने के कारण कई राज्य संस्थान और निजी कंपनियां निष्क्रिय हो गईं और मौजूदा उत्साही निवेशकों और उद्यमियों को आंध्र प्रदेश से बाहर अन्य राज्यों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने दुख जताते हुए कहा, वित्तीय कुप्रबंधन का पता धन के



दुरुपयोग, उच्च मुद्रास्फीति के बावजूद उच्च कराधान से चलता है। राज्यपाल ने कहा, इस अवधि के दौरान राज्य के स्वयं के कर राजस्व की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 12.8 प्रतिशत से घटकर 8.1 प्रतिशत हो गई। दूसरी ओर राजस्व व्यय 7.8 प्रतिशत से बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गया, जबकि पूंजीगत व्यय वृद्धि 26.4 प्रतिशत से घटकर 3.4 प्रतिशत हो गई।

उन्होंने कहा कि 2019-24 की अवधि के दौरान कोई सिंचाई परियोजना, कोई नया उद्योग, सड़क, भवन, अस्पताल, पेयजल से संबंधित कोई बुनियादी ढांचा नहीं लिया गया। उन्होंने कहा और ऊर्जा क्षेत्र और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में समझौता ज्ञापनों को रद्द करने पर प्रकाश डाला जो सरकार के नकारात्मक रवैये को और दर्शाता है। राज्यपाल ने कहा, पिछली सरकार के कुशासन, जिसमें पारदर्शिता का अभाव था ने इस सरकार को पिछले पांच साल के कार्यकाल के दौरान व्यवस्थाओं में व्यवधान और व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में लोगों के सामने तथ्य रखने के लिए मजबूर किया है। सरकार ने कई श्वेत पत्र जारी किए हैं जिनमें निधि उपयोग में कई विसंगतियों, दुरुपयोग के कारण राज्य के खजाने और राज्य के प्राकृतिक संसाधनों को भारी नुकसान होने की बात उजागर की गई है। मैं श्वेत पत्र के कुछ मुख्य अंश प्रस्तुत करूंगा।

राज्यपाल ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि पोलावरम परियोजना पूरी तरह से पटरी से उतर गई है। उन्होंने कहा कि रिवर्स टेंडरिंग की शुरूआत और सहमत अनुबंधों को रद्द करने से न केवल परियोजना को अपूरणीय क्षति हुई है बल्कि नदियों को जोड़ने और हर एकड़ भूमि की सिंचाई की अवधारणा को भी नुकसान पहुंचा है। राज्यपाल ने कहा, मैं राज्य के लोगों से अपील करता हूं कि वे मौजूदा भयावह वित्तीय स्थिति को समझें और राज्य के पुनर्निर्माण में सरकार के साथ सहयोग करें।

## आंध्र प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र शुरू, वाईएसआरसीपी ने किया बहिर्गमन

**विजयवाड़ा, 22 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आंध्र प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को अमरावती में शुरू हुआ। प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित किया।

राज्यपाल ने जैसे ही संयुक्त सत्र को संबोधित करना शुरू किया, विपक्षी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के सदस्यों ने लोकतंत्र बचाओ और हमें न्याय चाहिए जैसे नारे लगाने शुरू कर दिए। कुछ देर बाद पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। इससे पहले, श्री रेड्डी के नेतृत्व में विपक्षी वाईएसआरसीपी के विधायक और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध के तौर में गले में काला दुपट्टा डालकर विधानसभा पहुंचे।पुलिस ने हालांकि, उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। पुलिस ने विपक्षी विधायकों और एमएलसी से काला दुपट्टा हटाने पर जोर दिया, जिसके कारण पूर्व मुख्यमंत्री रेड्डी और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। श्री रेड्डी ने पुलिस द्वारा तख्तियां छीनने और फाड़ने पर नाराजगी जताई। पूर्व मुख्यमंत्री रेड्डी ने कहा कि पुलिस की यह सख्ती हमेशा नहीं चलेगी और उन्होंने पुलिस को सख्त चेतावनी दी कि वे लोकतंत्र की रक्षा करने के अपने कर्तव्य को याद रखें, न कि उसे कमजोर करें।

## शेयर मार्केट



बीएसई : 80,502.08
-102.57 -0.13% ↓
एनएसई :24,509.25
-21.65 (-0.09%) ↓

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 75,420/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 90,870/- (प्रति किलोग्राम)



नगरद्वय में आयोजित एक कार्यक्रम में पधारे भूतपूर्व केंद्रीय कोयला मंत्री संतोष बागरोडिया से शिष्टाचार भेंट करती हुई प्रेरणा संस्था कि संस्थापिका पूजा गुप्ता। अवसर पर श्रीमती पूजा गुप्ता ने संस्था की गतिधियों के बारे में विस्तार से श्री बागरोडिया को अवगत कराया।



श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं मासिक भजन का आयोजन श्री दादू मन्दिर मोइनाबाद हैदराबाद में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री दादू सेवक समाज तेलंगाना के भक्त जन व अन्य उपस्थित थे।



सावन मास के प्रथम सोमवार को श्रीशैलम में भगवान शंकर एवं माता पार्वती की अपने परिवार के साथ पूजा-अर्चना एवं रुद्राभिषेक के बाद उपस्थित कांग्रेस नेता एनके सिंह। साथ में हैं मालती देवी, अमरजीत सिंह, नेहा सिंह, लक्ष्यजीत सिंह, देवांशी सिंह एवं अन्य।

शुभ लाभ Classifieds — FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, KAMAL HARIDAS MIMROT Legally Spouse of Service NO :-JC 682232A, RANK : - SUB, Name : MIMROT HARIDAS RAMJI, UNIT :- 554 ASCBN, C/0 56APO, VILL & POST :- HASANABAD, TEH :- BHOKARDAN, DIST :- JALNA, STATE :- MAHARASHTRA, PIN :- 431114 Changed my Name from **SMT KAMAL HARIDAS MIMROT** to **KAMAL HARIDAS MIMROT** W/O SUB MIMROT HARIDAS RAMJI Aadhar card NO : 3643 3143 4462 Affidavit Signed by Advocate and NOTARY P. Raveendranath B.com, B.L ON 22/07/24

**CHANGE OF NAME**
I, No.2616310Y Sep Emmadi Rama Krishna, R/o.1-141-3, Vill:Papayapalle, Post and Taluk:Bestavaripeta, Dist:Prakasam, Andhra Pradesh - 523334 hereby state that my son name is to be changed from **EMMADI HARSHA VARDAN** to **EMMADI HARSHAVARDHAN** vide Affidavit dt:20-7-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No.6941016F Hav Perumal.K of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my mother name is changed from **ALAMELU** to **ALEMELU** and father name is changed from **KUPPAN** to **KUPPAN PERUMAL**.

**CHANGE OF NAME**
I, Dakkata Jyothi spouse of Army No.JC734537X Sub Dakkata Appalaswamy, R/o. Vill: Buddepupeta, Po: Mandatalli, District: Srikakulam, Andhra Pradesh-532312 India, have changed my name from **DAKKATA JYOTHI** to **D.JYOTHI** vide affidavit dt:22-7-2024.

**CHANGE OF NAME**
I, No.6941318N Hav RAM NARESH YADAV of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my Father Name is to be Changed From **RAM SUKHA YADAV** to **RAM SAKHA YADAV**.

**CHANGE OF NAME**
I, JC734537X Sub Dakkata Appalaswamy of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my Mother Name is Changed From **DAMANTI** to **D. DAYMANTI**

शुभ लाभ का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/-
Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. In Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ...
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date ... Drawn ...
Name of the Executive ...
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank
OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Hyderabad Balanagar

